दिन – रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में बाइसवें एपिसोड में आज राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों के साहस की प्रशंसा की। उन्होंने उस सटीकता की भी सराहना की जिससे सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज आतंकवाद से लड़ाई में एकजुट और प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि आपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं हैं बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। उन्होंने कहा कि इसने पूरे देश में राष्ट्र भक्ति की भावना भरी और देश को तिरंगे की भावना से सराबोर कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के अनेक शहरों, छोटे कस्बों और गांवों में तिरंगा यात्राएं आयोजित की गई। देश के सशस्त्र बलों के सम्मान में तिरंगा लहराते हुए हजारों लोग इनमें शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने देशभर में फैली अद्भूत राष्ट्रीय भावना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कई शहरों में नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों के रूप में बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी गई और बच्चों ने पेंटिंग बनाई जिनमें कई महान संदेश दिए गए। प्रधानमंत्री ने हाल ही में बीकानेर यात्रा को स्मरण किया जहां बच्चों ने उन्हें ऐसी ही पेंटिंग उपहार में दी। प्रधानमंत्री ने इस रोचक तथ्य का भी जिक्र किया कि आपरेशन की अवधि के दौरान जन्मे बच्चों का नाम बिहार के कटिहार, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर और कई अन्य शहरों में सिंदूर रखा गया।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 21 जून को मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिवस हमें दैनिक जीवन में योग को समाहित करने की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष वे विशाखापत्तनम में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने मन की बात की इस कड़ी में पेपर वेस्ट और रिसाइक्लिंग की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि देश के लैंडफिल कचरे का

लगभग एक–चौथाई हिस्सा कागज से जुड़ा होता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर व्यक्ति को पेपर रिसाइक्लिंग के बारे में सोचना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में खेलो इंडिया गेम्स बहुत सफल रहे। बिहार के पांच शहरों ने खेलो इंडिया गेम्स की मेजबानी की थी। श्री मोदी ने बताया कि देशभर से पांच हजार से ज्यादा एथलीट बिहार पहुंचे थे। इन एथलीट्स ने बिहार की खेल भावना और वहां के लोगों से मिली आत्मीयता की बहुत तारीफ की है। प्रधानमंत्री ने सभी पदक विजेताओं विशेषकर शीर्ष तीन विजेताओं – महाराष्ट्र, हरियाणा और राजस्थान को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इसबार खेलो इंडिया गेम्स में कुल 26 रिकार्ड बने। श्री मोदी ने कहा कि इस बार खेलो इंडिया में बिहार के खिलाड़ियो ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीस पदक जीते। उन्होंने कहा कि ऐसी स्पर्धाओं से भारतीय खेलों का भविष्य और संवरेगा।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन–एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित की गई है। भाजपा के गुड गवर्नेंस विभाग द्वारा आयोजित यह बैठक एक दिवसीय विचार–विमर्श सत्र है। इसमें सुशासन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बैठक में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमुंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी बैठक में शामिल हो रहे है।

————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागो में प्री–मॉनसून वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने आज कटिहार, बांका और भागलपुर जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पन्द्रह जून तक राज्य में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के प्रवेश करने की संभावना जताई है। विभाग ने कहा कि मॉनसून अपने तय समय से आठ दिन पहले ही केरल में दस्तक दे चुका है और इसके तेज गति से आगे बढ़ने की परिस्थितियां बनी हुई है।

————————————————————————

समाप्त